अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों की सूची में संशोधन करने के संबंध में सलाहकार समिति की सिफारिशें

*197. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या कल्याण मंत्री 22 अप्रैल, 1994 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 365 के दिए गए उत्तर को देखें और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की सूची में संशोधन करने के लिए सचिव (कल्याण) की अध्यक्षता में गठित की गई सलाहकार समिति ने अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कर दी हैं ;

(ख) यदि हां, तो कब और उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीता राम केसरी) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

*198. **श्री राम जेठमलानी :**
श्री कृष्णलाल शर्मा:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों में देश में दुग्ध उत्पादन में भारी वृद्धी हुई है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1993-94 के दौरान देश में दुग्ध-उत्पादन कितना था ;

(ग) क्या यह सच है कि भारत ने दुग्ध उत्पादन के मामले में विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त लिया है ;

(घ) क्या यह सच है कि दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ दुग्ध के सामन्य उपभोक्ता मूल्य में भी वृद्धि हुई है ;

(ङ) यदि हां, तो देश में आज राष्ट्रीय स्तर पर दुग्ध का औसत उपभोक्ता मूल्य कितना है ;

(च) क्या यह सच है कि दुग्ध का उपर्युक्त मूल्य अधिकांश लोगों, विशेषकर गरीबी-रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही देश की 40 प्रतिशत आबादी की पहुंच से बाहर है ; और

(छ) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) और (ख) वर्ष 1990-91 1991-92 तथा 1992-93 के दौरान दूध का उत्पादन क्रमशः 53.9, 55.7 तथा 57.8 मिलियन टन हुआ ।

(ग) जी, हां ।

(घ) और (ङ) दूध का उपभोक्ता मूल्य उत्पादन लागत, संग्रहण प्रशीतन, प्रसंस्करण आदि जैसे घटकों पर निर्भर करता है । दूध का मूल्य , प्रचूरता वाले मौसम (नवम्बर—फरवरी) में न्यूनतम तथा कमी वाले मौसम (मई से अगस्त तक अधिकतम रहता है । देश में वर्ष 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान सहकारी समितियों/सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा बेचे गए दूध का औसत मूल्य क्रमशः 6.4, 7.5 तथा 8.0 रुपये प्रति लिटर था ।

(च) दूध की खपत आमदनी के हिसाब से घटती-बढती रहती है तथा निम्न स्तर के लोगों में यह पौषणिक आवश्यकता से नीचे होती है ।